किसान का बेटा मुख्यमंत्री हो तथा किसान का बेटा वित मंत्री हो तो यह वह कैसे कर सकता है? अगर कोई वाणिज्य परिवार का आदमी होात तो वह ऐसा करता, वह धाट बाध कर सकता था वह तो छुपाता लेकिन हमने कुछ नही छिपाया है। जो कमियां है वह बता दी। (विघ्न) 2003 और 2004 मे यह 226.98 से 339.58 हो जाएगा। इसके कोई दो राय नही है। 99.39 का इस साल घाटा है वह होगा लेकिन स्पीकर सर, कितना बोझ आया है यह भी हमको देखना पडेगा। गुप्ता जी के समय जो पांचवा वेतन आयोग आया था उसने केवल हरियाणा की ही नही बल्कि सभी को अर्थव्यवस्था की रीढ की हडडी तोड दी लेकिन इसके बावजुद भी हरियाणा प्रदे ा मे हर महीने की पहली तारीख को तनख्वाह हम दे रहे है। अगर पहली तारीख की छुटटी हो तो 31 तारीख, 30 तारीा को ही कर्मचारीयो की तन्ख्वाहें दे दी जाती है। गुप्ता जी, बंसीलाल ी के समय काो तो छोडिये हमने तो आपका भी भूगता है। आप तो वाणिज्य परिवार से है इसलिए आपको इस बारे मे पता होना चाहिए। दो तीन साल जो हरियाणा मे मद्य निशेध रही तो उसकी वतह से बहुत सरकारी नुकसान हुआ, मै यह नही कहना चाहूंगा कि उनको कितना फायदा हुआ लेकिन सरकार को जो नुकसान हुआ था तो वह भी हमें ही झेलना पडा था। स्पीकर सर, आगे मै आपको बताना चाहता हूं कि यह पूरो कैसे होगा? स्पीकर सर, यह डिपैंड करता है कि आपकी विल पावर कैसी है, आपकी इच्छा भाक्ति कैसी है कैसी आप पालिसी बनाते है। कैसे प्रोग्राम आप लोगो को देते है, और क्या आप पर व्यापारियो का या मैनुफैक्चर्ज

का वि वास है या नही? क्या आपने व्यापारियो को ऐसा एनवायरमैंट दिया है जिसमे वे आपको सहयोग कर सके। अगर आपने उनको ऐसा एनवायरमैंट दिया है तो वे टैक्स पे करने के लिए तैयार होगे। स्पीकर सर, मुझे यह कहते हुए गर्व है कि आपकी सरकार ने ऐसा ऐनवार्यमैंट पैदा किया है ओर करो का सरलीकरण भी इस तरीके से किया है ताकि व्यापारियो को दफतरो के चक्कर न काटने पडे इसलिए हमें उम्मीद है कि यह घाटा पूरा होगा और राजस्व करो की प्राप्ति होगी। स्पीकर सर, इसी तरह से हुडडा साहब ने और मांगे राम जी ने वैल्यू ऐडेड टैक्स की बात कही। वैट का जहां तक सवाल है हमने एक व्यवस्था को बदला है। जो हरियाणा जनरल सेल्ज टैक्स है उसकी जगह वैट को रिप्लेस किया है। मै आपको बताउंगा कि कितनी चीजो पर रेट बजाए बढने के घटे है। एक व्यवस्थ ऐसी बन गयी कि किसी भी स्टेज पर आप कोई भी बिका हुआ माल छिपा नही सकते। इसी तरह से इसमे अब ट्रांसपेरैंसी आ गयी है जिसके कारण पैसा बढा है। हुडडा साहब बोलते हुए यह भी कह गए कि यह तो आम बात है। 358 करोड रुपये बढा है। स्पीकर सर, पहले इन्होने बताया कि 2001 मे 371 करोड रुपया बढा था और 2002 और 2003 मे जो 358 करोड रुपया बढा था वह टोटल रैवेन्यू था। इस तरह के टैक्सिज का था लेकिन इसमे न तो सैंट्रेल सेल्ज टैक्स आता है और न ही इसमे हरियाणा जनरल सेल्ज टैक्स का है। इसको हमने रिप्लेस किया है। हमने न तो सी एस टी को रिप्लेस किया है और न ही एल ए डी टी और न ही पैसेंजर टैक्स

को रिप्लेस किया है। जो टैक्स की सारी रिसीट थी आप उनके बारे मे बात कर रहे थे। (विघ्न) वैट की वजह से 22 परसेंट की इंक्रीज आयी है। यह दिसबर तक की थी। अब जनवरी के महीने मे यह 25 परसैंट हो चुकी है। स्पीकर सर, अगर आप कहे तो मै ये आंकडे भी दे सकता हू। अब 25 परसैंट इंक्रीज हो गयी है। इसी तरह से इन्होने चलते चलते धान के बारे में जिक्र कर दिया। (विघ्न)

कैप्टन अजय सिंहः स्पीकर सर, इनको यह भी बताना चाहिए कि वैट लगाने के बाद तीन साल के बाद कितना सैल्ज टैक्स मिलेगा?

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर सर, इस पर बहुत ऐकेडमिक डिबेट चली थी। सभी स्टेटस के फाईनैंस मिनिस्टर्ज इकठठे हुए थे। उन्होने इसको लागू कर लिया और अदरवाइज वहा ंपर 25 स्टेट लेजिस्लेटिव असैम्बलीज ने इसको पास किया है, सारे मानकर आये है और उनमे से 16 स्टेटस ने क्या किया, जो सैंन्ट्रल एक्ट से संबंधित चीजे थी जैसे कम्पनीज एक्ट, फैक्ट्रीज एकट उनमे अमैडमैंट कर दिया, इस वजह से राश्ट्रपति महोदय को भेजना पडा। आज उनका वैट का कानून राश्ट्रपति जी के पास पैंडिंग है And they are waiting for it कि वहां से क्लीयर हो कर आएगा कितना प्रोफिट होगा लेकिन हमने कंपनीज ऐक्ट की, फैक्टरीज एक्ट की अमैडमैंट तो नही दी और गवर्नमैंट आफ इंडिया को भेजा ताकि दूसरी स्टेटस से डिफर न हो। गवर्नमैंट

आफ इंडिया की होम मिनिस्ट्री इसको कोआर्डिनेट करती है वहां से क्लीयर हो गया, फाइनैंस मिनिस्ट्री से क्लीयर हो गया, सभी मिनिस्टर्ज से क्लीयर हो गया और लागू कर दिया। वे लोग इस वजह से नही कर पए क्योकि उनकी राजनीतिक इच्छा भाक्ति नही थी। दिल्ली के और राजस्थान के मुख्यमंत्री खडे होकर यह कहते थे कि हमारे यहां चुनाव आ रहे है। इसलिए इस बार इसको रोक दो। यह पहले एक अप्रैल 2002 को लागू होना था फिर 2003 से लागू होना था फिर कहने लगे कि अप्रैल 2004 कर लो, अब अप्रैल 2004 भी आ जाएगा थोडे दिनो में। हमें उम्मीद है कि यह सब जगह होगा ही। अध्यक्ष महोदय, उनकी राजनीतिक इच्छा भाक्ति कमजोर थी इस वजह से भाग गये वरना तो इससे बढिया सिस्टम हो ही नही सकता। इस बात के लिए श्रेय देना चाहिए हरियाणा प्रदे ा के मुख्य मंत्री जी को जिन्होने कि एक इच्छा भाक्ति निभाई और बकायदा उसको लागू किया। मै यह दावे के साथ कह सकता हूं कि आने वाले साल के अंदर बहुत सी स्टेटस इसको फोलो करेगी और उनको फोलो करना पडेगा। मेरे साथी पडोसी प्रदे ाो की बात कर रहे थे। पंजाब की बात कर रहे थे पंजाब के पास तनख्वाह देने के लिए पैसे नही है। 15–20 तारीख को कही जाकर तनख्वाह मिलती है लोन एंड वेजिज की लायबिलिटी 125 परसैंट हो गयी है आपके पास तो फिर भी 20–25 परसैंट प्लान के लिए बच जाता है उनके पास एक नया पैसा नही बचता है उनके यहां तनख्वाह भी कर्ज से दी जाती है। प्लीज फोन दी गौड सेक पंजाब से हमारे साथी मुाबला न करे जहां तक पर कैपिटा इंकम की बात

हे तो कोई एन आर आई है कोई और है वह अलग बात है। पहले पंजाब प्रदे ा कितना विकसित था। थोडे दिनो मे आपको रिजल्ट देखने को मिलेगा कि हमारी पर कैपिटा इंकम कितनी बढिया होगी। पंजाब का जिक्र हमारे साथी न करे। इसी तरह से मांगे राम जी ने और हुडडा साहब ने धान का जिक्र किया। वर्श 2002–03 मे धान की जो हरियाणा में मंडियो मे आवक हुई 30.29 लाख टन और 2003–04 में 35.55 लाख टन हुई। 5.5 लाख टन धान की आवक ज्यादा हुई है आपने तो कह दिया कि 5 लाख टन धान की आवक पंजाब से ज्यादा हुई है। पंजाब हम से काफी ज्यादा प्रोडयूस करता है इसका मतलब परसैंटेजवाइज़ हरियाणा की मंडियो मे ज्यादा धान आया है। केवल मात्र सस्ती लोकप्रियता लेने के लिए ये साथी बात करते है। (शोर एवं विघ्न) अगर ये कहे तो मै इनको रसीद दिखा दूं। इन्होने बोल तो लिया। 5.5 लाख टन ज्यादा हुआ है पंजाब के हिसाब से (शोर) मै बता रहा हं कि हरियाणा मे यह रेंज है वह। (विघ्न)

श्री भुपेंन्द्र सिंह हुडडाः स्पीकर सर, **********

श्री अध्यक्षः जो सदस्य चेयरमैन साहब की परमि ान के बगैर बोलता है उसकी कोई बात रिकार्ड न की जाये।

प्रो0 सम्पत सिंहः हरियाणा की रेंज 1100 से 1450 है जबकि पंजाब की रेंज एक हजार से 1400 तक है। इस प्रकार हरियाणा मे महंगा बिक रहा है पंजाब से। दूसरी एक बात मै

कहता हूं कि यह हरियाणा बनने से आज तक इतिहास रहा है जो कि टैक्स है (विघ्न) आज कुछ ऐसे लोग इकटठे हो गये जिनको ज्ञान नही है। स्पीकर सर, एक बात जो कि बहुत महत्वपूर्ण है वह मै बताना ाहता हूं कि हरियाणा 1966 में बना था और 1996 से 1999 तक जब चौधरी बंसी लाल जी की सरकारी थी जितने भी टैक्स थे चाहे वह जनरल टैकस हो या सी एस टी हो सारे टैक्स से 16914 करोड रुपये इकटै हुए है जब से हरियाणा बना है और 1998–99 तक ओर उसके बाद जो आपने व्यवस्था स्थापित की है जिसमे व्यापारियो से, ट्रेंडर्स से, मैन्यूफैक्च्र्ज` जिनहोने आपको को आप्रेट किया है उसकी वजह से जनवरी, 2004 तक 18851 करोड रुपये टैैक्स इकटठा हुआ है जबकि 1966 से 1998 तक 149614 करोड हुआ है। अगर इसकी टोअल ऐवरेज निकाले तो सारा जोडकर अब तक 18851 करोड रुपये टैक्स इकटठा हुआ है। पहले यह पैसा लोगो की जेबो मे जाता था अब सरकारी खजाने मे जाता है। (विघ्न) इसी तरह से स्पीकर सर, एक जो वैट सिस्टम प्रणाली के बारे मे इन्होने कहां जिन चीजो पर घटा है सरकार ने छूट दी है उन चीजो के बारे में मै बताना चाहूंगा। यह जीरो से 4, 8, 12.5 को स्लैब पर 10 प्रति ात जिसका जिक मैने नही किया क्योंकि जनरल रेट आफ टैक्स आलमोस्ट दस प्रतिशत हो आता है इसलिए स्लैब इसमे रखा है और सरकार ने इसमें अपने अनुसार थोडी अमैडमैंट भी की है। ताकि स्टेट को ट्रेड सफर न करे। दूसरे बर्फ, बांस, जलाउ लकडी और लकडी बुरादे पर टैक्स 8 प्रति ात से चार प्रतिशत घटा है। मसाले पर 10 प्रति ात से 4

प्रति ात घटा है। हैंड पम्प और उसके पार्टस पर 8 प्रति ात से 4 प्रति ात घटा है। मोबाईल सैट ओर सैल्यूलर फोन पर 12 से लेकर 4 प्रति ात घटा है। पोल्ट्री फीड सप्लीमैंटस ओर केटल फीड सप्लीमैंटस पर दस प्रति ात से चार प्रति ात घटा है। प्लास्टिक के कच्चे माल पर जैसे पी वी सी कम्पोनैंटस पर दस से चार प्रति ात और पी वी सी रेजिंग और प्लास्टिक के पोलीमर पर, कच्ची रबड और रबड के कैमीकल्ज पर दस से चार प्रति ात और कार्बन ब्लैक पर दस प्रति ात से चार प्रति ात धटा है। बायो गैस प्लांट से प्रयुक्त म ाीनरी पर और बायो गैस बर्नर और बाये गैस हार्ड प्लेट को कर मुक्त कर दिया है और बायो गैस खाद और जिप्सम पर दस प्रति ात से चार प्रति ात कर दिया है। परानी कारो पर जिसमे एक हजार सी सी की गाडियो है। 12 प्रति ात से धटाकर तीन हजार रुपये सैलज टैक्स कम कर दिया है। वेट के उपर वि ोश आर्थिक स्कीम, निर्यात इकाई स्कीम आदि आदि निर्यात के सिलसिले मे विक्रय के लिए विनिर्माण के प्रयोग हेतु माल बिना कर दिये खरीद सकते है। टायर टयूब की दस प्रति ात से आठ प्रतिशत कर दी गई है। ये कह रहे है कि बढाया, हमने तो घटाया है। बिजली का सामान जो उद्योगो मे प्रयोग होता है इस प्रति ात से धटाकर चार प्रतिशत कर दिया है। रासायनिक खाद कर मुक्त है। विमान टर्बाइन इंजन, पैट्रोल गैस, तीव्र गति डीजल, सुपर लाईट डीजल, आयल लाईट डीजल, आयल मिटटी का तेल, सरल पैट्रोलियम गैस, लो सल्फर हैवी स्टोक, बेरनस आयल इसी तरह के सभी आयल एक कंपवनी दूसरी

कंपनी को बेचेगी तो कर की दर केवल चार प्रति ात होगी। स्पीकर सर, इसमे हमने रियायत दी है इसको घटाया है, कहीं बढाया नही है। जो ये बढाने की बात कर रहे थे वो यूजर चार्जिज की बात कर रहे थे। हमने तो कई चीजो पर घटाया है। स्पीकर सर, अभी कल लेजिस्ले ान आयेगा और मुख्यमंत्री जी ने पहले घाशणा कर दी कि कैबिनेट ने उसको एप्रूव कर दिया है। स्टाम्प डयूटी जो पहले 12.5 प्रति ात थी उसको कम करके 6 प्रति ात किया गया है। इसी तरीके से भाहरो में जहां 15.50 प्रति ात ये 16 प्रति ात थी उसको कम करके 8 प्रति ात किया गया है। स्पीकर सर, इसी तरीके से मार्टगेज वगैरह, ट्रांसफर फीस आदि को भी कम करके आधा रेट कर दिया गया है। इस तरह से इस सरकार ने घटाने का काम किया है बढाने का काम नही किया। बढाया है तो रैवेन्यू बढाया है और टैक्सिज घटाकर बढाया है ताकि एक अच्छा माहौल बनाया जा सके। स्पीकर सर, अब जो नुकसान हो रहा है हरियाणा प्रदे ा का वह सैंटर के फैडरल सिस्टम लागू होने से हो रहा है। इसके तहत सैंटर को सेंट्रल टैक्सिज इनका वगैरह से आमदनी तो सभी स्टेटज से होगी। हरियाणा सरकार भी एक्साईज डयूटी पे कर रही है, हिमाचल प्रदे ा, यू पी, पजाब यानि सभी स्टेटस एक्साईज डयूटी पे करते है और बदले मे इनको फैडरल सिस्टम के मुताबिक पैसे का डिस्ट्रीब्यू ान होता हैं से स्टेटो से जो पैसा आता है और सबको जाता भी है। अब इसमे क्या कर दिया ब्लू वाईट स्टेटस जैसे हिमाचल प्रदे ा मे चुनाव आएगा, ठीक है अपने लंगर कस लो,

चुनाव जीतना है इसलिए इस स्टेट की इंडस्टरी की एक्साईज डयूटी माफ कर दो, इंकम टैक्स माफ कर दो। इसका डायरैक्ट असर किस पर पडेगां। हरियाणा पर ही पडेगा। वे कोई ऐक्साईज डयूटी पे नही करेंगे लेकिन जब फंडस का डिस्ट्रब्यू ान होगा उनको भी मिल जायेगा। उनको डबल फायदा होगा एक उन्होने देना नही बल्कि ले लेना है। स्पीकर सर, इस तरह से सैंटरल गवर्नमैंट के इस बजट मे मुझे बउी हैरानी हुई कि इंकम टैक्स मे रियायत देनी चाहिए थी लेकिन उन्होने हाउसिंग बोर्ड, मार्केटिंग कमेटीज, एच आर डी एफ, पर इंकम टैक्स लगाने की योजना बनाई है जो कि बडा घातक फैसला है। इसको न लगाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कई बार सैंट्रल सरकार को लैटर भी लिखे है। (विघ्न) इससे बहुत बडा नुकसार होगा। जहां हमें 800–800 करोड रुपये मार्किटिंग बोर्ड से, 700 करोड रुपये एच आर डी एफ से आ रहा था आज उन पर भी भारत सरकार इंकम टैक्स लगाने जा रही है। अर इन पर इंकम टैक्स लगाया गय तो भुगतान तो हमें ही पडेगा और बदले में फायद बीमारु स्टेटस ले जाएंगी। मै तो यही चाहता हूं कि मेरे सभी साथी भारत सरकार से अपील करे कि हरियाणा प्रदे ा को मत मारो। क्योंकि इन चीजो पर इंकम टैक्स वे लगा रहे है। (विघ्न) स्पीकर सर, केन्द्रीय सहायत भी हमें कम मिली है। बार बार हर प्लेटफार्म पर यह आवाज हम उठाते है। पीछे श्रीनगर मे इंटर स्टेट काउंसिल की मीटिंग थी उससे पहले हर साल एन डी सी की मीटिंग होती है। हर मीटिंग के अंदर माननीय मुख्यमत्री महोदय जी ने इन बातो को

उठाया है कि भारत सरकार स्टेट के संसाधनो को कम कर रही है और सैंटर अपने संसाधन बढा रही है। स्टेटस को ऐसे समझा जा रहा है जैसे ये भिखमंगी हो। ये सैंटर से मांग मांगकर ले जायेंगी। ऐसा फैडरल सिस्टम मत करो इससे नुकसान होता है खासकर से उन स्टेटस को जो परफार्मिंग स्टेटस है। उनको आप प्रताडित करते हो और नोन परफोर्मिंग स्टेटस को उत्साहित करते हो। अध्यक्ष महोदय, ये मुददे बार बार हर प्लेटफार्म पर माननीय मुख्यमत्री जी ने प्रधानमंत्री जी के सामने उठाये हैं। इन चीजो की हमें कमी हुई है उसके बारे में भी मै बताना चाहता हू कि खास तौर पर से मेरे सीनियर साथी राव इंद्रजीत को। उन्होने एक बात फरमाई कि जो इलवैन्थ फाईनेंस कमी ान था उसको डिवोल्यू ान आफ फण्ड पहले वाल साम के मुकाबले में कम हैं। यहां पर हरियाणा प्रदे ा को सहायता देने की बात भी कही गयी है कि वो डिवोल्यू ान आफ फण्ड की एलोकेट पहले 1.238 परसैंट थी। मै सदन को बताना चाहता हूं कि ऐसी बात नही है। यह वर्श 2002 से 2005 तक की बात है। उन्होने अपनी 2002 मे रिपोर्ट दे दी जबकि खर्च तो बाद में हुआ। इसमे अधिमान किसाको दिया यानि वेटेज किसको दी। उन्होने पर कैपिटा इंकम को माना। इसमें रिवस हुआ। अगर आपकी इंकम ज्यादा है तो कम मिलेगा और अगर आपकी इंकम कम है तो ज्यादा मिलेगा। हरियाणा मे पर कैपिटा इंकम ज्याद है। पंजाब महाराश्ट्र ओर गोवा मे भी पर कैपिटा इंकम ज्यादा है। इन सभी स्टेटस को नुकसान हुआ। उन्होने वेटेज को साढे बारह परसैंट माना है, पापुले ान

को बीस परसैंट माना है, एरिया को पांच परसैंट माना है और फिजिकल मैनेजमैंट को साढे सात परसेंट माना है। इस प्रकार से उन्होने 100 परसेंट की डिवोल्यू ान की है। मै राव साहब को बताना चाहूंगा कि इस तरह की कोइ बात नही है कि कही पर खर्च में कमी थी। उन्होने हमारे को क्या मान लिया वह भी मै आपको बताना चाहूंगा। उन्होने हमारे को सरप्लस स्टेट मान लिया। मै समझता हूं कि रैवैन्यू डैफिसिट 3500 करोड रुपये था। इन्होने कह दिया कि आप का तो 1500 करोड रुपये सरप्लन है, इस बात का मुझे बड अफसोस है। यह मान करके यह निर्धारण किया और इस मापदण्ड से 1100 करोड रुपये से फालतू का नुकसान हो लिया है और डेली का नुकसान अलग से हो रहा है। स्पीकर सर, सही मायनो मे डिस्ट्रीब्यू ान सैंन्ट्रल टैक्सिज की जो आनी चाहिए थी वह 2776 करोड रुपये की आनी चाहिए लेकिन हमारे पास इसमे से 2323 करोड रुपये आए यानि 45 करोड रुपये कम आये। इसी तरह से जो केन्द्र से आम सहायता मिलती है वह 1068 करोड रुपये के मुकाबले मे 973 करोड रुपये कम मिली है। इसी प्रकार से सैंटरल स्पोसड स्कीम मे जहा हमें 1300 करोड रुपये आने चाहिए थे वहां पर हमें 756 करोड रुपये आये यानि इसमे भी हमें 544 करोड रुपये कम आये। स्पीकर सर, पैट्रोल और डीजल पर बहुत ध्यान देने की जरुरत है। भारत सरकार ने पैट्रोल और डीजल पर सैस लगाया है। इस सैस की वजह से भारत सरकार को हरियाणा प्रदे ा से 1100 करोड रुपये की आमदनी हुई है। यह पैसा किसका गया है, यह पैसा तो हरियाणा प्रदे ा

क`लोगो का ही गया है। कंजम्प ान तो सारी यही पर हुई है। अगर यही टैक्स हमारा अपना होता तो 1100 करोड रुपया हमें मिलता। वाही वाही वो लूटने की कोि ा ा करते है जबकि पैसा हमारा है। यहां पर एक साथी ने कहा कि माल किसका कमाल किसका। मै उस साथी को बताना चाहूंगा कि माल हरियाणा का और कमाल सैंटर का। सैन्ट्रल गवर्नमैंट इस सैस का 1100 करोड रुपया यहां से ले गई और बदले मे सिर्फ 174करोड रुपये दिया है। फिफ्टी फिफ्टी परसैंट डिस्ट्रीब्यूट करते है। यानि इस सेस मे जो कुल आयेगा उसका 50 परसैंट पैसा तो ट्रांसपोर्ट मीनिस्टर को जाएगा और 50 परसैंट पैसा रोड लिंकेज के लिए जायेगा। अब क्या यह हमारी बदकिस्मती है कि हमारा हर गांव सडक से जुडा हुआ है। वे यह नही देखते कि रोडज कब की बनी हुई है जबकि आज उन सडको की मैंटेनैंस की जरुरत है, उनकी वाइंडनिंग की और स्ट्रेग्थन करने की जरुरत है। लेकिन उसके लिए नही बल्कि बीमार स्टेट को ज्यादा दे करके हमें 1100 करोड रुपये मे से सिर्फ 174 करोड रुपया दिया। हमारा पैसा हमें देने की बजाये दूसरी स्टेटस को गया है। हमने तो अपने संसाधनो से काम लिया है वरना तो हमारा साढे तीन हजार करोड रुपये ओर सैंट्रल गवर्नमैंट से लेना बनता है जो हमें नही मिला यानि हमें कम आया है। यहां पर साथियो ने बोलते हुए सडको के बारे मे जिक किया कि वर्तमान सरकार ने सडको की मरम्मत पर कोई ध्यान नही दिया। वर्श 2004–05 मे इसके लिए 320 करोड रुपया रखा गया है तथा 180 करोड रुपया मार्किटींग बोर्ड का इससे अलग है। वर्श

1999–2000 मे सडको के लिए कितना पैसा था वह भी मै आपको बताना चाहूंगा। उस वक्त सडको के लिए सिर्फ 20.32 करोड रुपये था। चौधरी भजन लाल जी जब वर्श 1991–92 से लेकर वर्श 1995–96 तक जब मुख्यमंत्री रहे तो इनहोन सउको पर टोटल पांच साल मे केवल 68.90 करोड रुपया खर्च किया था जबकि आपकी सरकार के वक्त मे इस काम पर 496.54 करोड रुपया खर्च हुआ है। कहां 20 करोड रुपया और 70 करोड रुपये के करीब और कहां 496 करोड रुपया खर्च हुआ। इसके अलावा मार्किटिंग बोर्ड का जो 716 करोड रुपये खर्च हुआ वह अलग से है। यानी इस तरह से कुल मिलाकर सडको पर आपकी सरकार ने 1213 करोड रुपये खर्च किए। मेरा कहना यह है कि हमने सडको पर पैसा कम खर्च नही किया। यहां पर हुडडा साहब ने कहा कि वर्ल्ड बैंक की स्कीम थी सडको के लिए कम ब्याज पर कर्जा देने की। हुडडा साहब ने कहा कि वर्ल्ड बैंक से लोन नही लिया जबकि यह सस्ता लोन था। अध्यक्ष महोदय, सडको के लिए सस्ते ब्याज पर कर्जा देने की वर्ल्ड बैंक की स्कीम थी यह स्कीम 690 करोड रुपये की थी और आपने इस स्कीम को छोड दिया और महेंगे ब्याज पर कर्जा लिया। स्पीकर सर, हमने हुडको से भी ब्याज पर लोन लिया और जगहो से भी लोन लिया। स्पीकर सर, आपको मालूम है कि 11 मई, 1998 को पोखरण न्यूकलीयर टेस्ट के तुरंत बाद अमेरिका ने इकोनोमिक सैंक ान लगा दी थी तो स्वाभाविक बात है कि आपको कर्जा नही मिला क्योंकि सब जगह सैंक ान लगी हुई थी। किसी भी स्टेट को कर्जा नही मिला सब जगह सैक ान लगी हुई

थी। इस बात को जानते हुए भी वे इस बात को उठा रहे है इसलिए हमने यह सोचा कि अगर वर्ल्ड बैंक कर्जा नही दे रहा न दे कोई बात नही। हमारे पास अगर साधन है किसी को अगर हम पर वि वास है, हमारे घर के अंदर कोई दाम है तभी कार्ज कोई दे रहा है। हमारी सोच है कि ऐसा नही होना चाहिए सउके टूटी हुई हो और लोग रोज मरते रहे इसलिए हुडडा साहब इसके लिए हमने 323 करोड रुपये का कर्जा लिया। इसमे कोई दो राय नही कि यह कर्जा हमने वर्ल्ड बैंक की सैक ान लगने की वजह से लिया। (विघ्न)

श्री भुपेन्द्र सिंह हुडडाः अध्यक्ष महोदय, वित मंत्री महोदय से मै निवेदन करुंगा कि वे कृप्या यह बताए वर्ल्ड बैंक से लोन लेने के लिए आपने कुछ पैसा कन्सलटैंसी के लिए भी दिया था, वह क्यों दिया था?

प्रो0 सम्पत सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै इनको बताना चाहूंगा कि वह तो पहले ही हो गया था लोन के लिए कोई पेपर्ज वगैरह तैयार करने पडते है और वह सब तो पहले ही हो लिया था वह हमने नही किया था। अध्यक्ष महोदय, मै माननीय हुडडा साहब की एक एक बात का जवाब दे रहा हू। इसके साथ ही इन्होने स्पै ाली पंजाब ट्रांसपोर्ट के बारे में कहा कि we are paying more passengers tax in Punjab than the K.ms we are running in the Punjab. Roughly Passengers Tax for one lac Kilometers inPunjab Something हुडडा साहब ने कहा था।

स्पीकर सर, जहां तक सवाल है पिछले अप्रैल ओर जनवरी, 2004 का हरियाणा रोडवेज 335.12 लाख किलोमीटर पंजाब टेरेटरी मे हमारी बसो ने आपरेट किया है और 796 लाख स्पे ाल रोड टैक्स आया है। ऐप्रोक्सीमैटली 2.38 प्रति ात टैक्स आया है payable in Punjab territory था वह 2.99 पर किलोमीटर भाो कर रहा है कि कोई एक्सैस पेमैंट नही की गई है बल्कि कम पेमैंट की है। दूसरी बात इन्होने यह कही Ministery of Roads and Transport Highway Government of India ने 2002–03 के अंदर के एम पी एल खर्च होता है। अध्यक्ष महोदय इसके साथ पंजाब को राजस्थान के साथ कम्पेययर किया। अब राजस्थान का कम्पैरिजल हम कैसे करेंगे। हमारा पहले था 4.54 और आज बढ कर हो गया है 4.77। स्पीकर सर, हमने इसमे सुधार किया है। हमने नई बसे खरीदी है। जब से हरियाण बना है तब से लेकर आज तक किलोमीटर के हिसाब से सब से ज्यादा पर लीटर हमारी बसें चल रही है 4.77 और राजस्थान में 4.88 है इसलिए राजस्थान का ज्यादा आ रहा है क्योंकि वहां पर लोकल रुट की बसे नही चलती है। राजस्थान की बसें नै ानल हाईवेज और स्टेट हाईवेज पर चलती है। (विघ्न)

श्री भूपेंन्द्र सिंह हुडडाः वित मंत्री जी, जो पंजाब की पैसेंजर टैक्स की बात है वह मै नही कह रहा हूं यह आपकी सी ए जी 2002 की रिपोर्ट मे पेज 122 पर दिया हुआ है।

प्रो0 सम्पत सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै पहले सी ए जी की रिपोर्ट का ही जवाब देता हू। जहां तक सी ए जी की रिपोर्ट का सवाल है, सी ए जी ने तो अपने कमैंट्स दिए है। इसमें कोई दो राय नही कि इसके बाद इसमें डिफरैंस डिपार्टमैंट अपना जवाब देते है फिर पब्लिक अण्डरटेकिंग कमेटी/ पब्लिक एकाउंटस कमेटी के पास मामला जाता है वहो पर डिस्क ान होती है और यह रिपोर्ट पास होती है। यह तो केवल सी ए जी की आब्जर्वे ान है, इसके बाद इस पर गहन मनन होना है, उसके बाद उपर जवाब दिया जाएगा और अंतिम निर्णय होगा। इनको यह भी मालूम नही ळै कि सी ए जी की रिपोर्ट पर डिस्क ान कब करनी चाहिए, बडे अफसोस की बात है अब इसमे हम क्या करे। मैने स्थिती बता दी है। स्पीकर सर, राजस्थान के साथ हमारा कोई कम्पैरिजन नही है और जो हमारा डिफरैंस है वह मात्र 0.11 का है और वह भी इसलिए है कि राजस्थान नै ानल हाईवेज और स्टेट हाईवेज पर ही बसे चलाते है जबकि हमारी बसें गावों तक जाती है। हमारी बसे तो गावो मे इन्टीरियर तक जाती है इस वजह से इतना फर्क है। स्पीकर सर, इन्होने एक ओर बात कि आपने ट्रैक्टर ट्रालीजपर टैक्स बढा दिया। मोटर व्हीकल ऐक्ट गवर्नमैंट आफ इंडिया का है ओर यह टैकस गवर्नमैंट ने बढाया है and we are bound by that. (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः जय प्रका ा जी, आप अपनी सीट पर बैठें। आपका कोई प्वायंट आफ आर्डर नही है। प्रोफेसर साहब, क्लीयर

कर रहे है। इसमे जो कुछ भी किया है वह केन्द्र सरकार ने किया है, स्टेट गवर्नमैंट ने कुछ नही किया है। (विघ्न) आप अपनी सीट पर बैठे।

प्रो0 सम्पत सिंहः यह जो ड्राइविंग लाईसैंस की बात कर रहे है तो यह मोटर व्हीकल एक्ट, गवर्नमैंट आफ इंडिया के अंडर आता है। यह फीस हमने नही बढाई है। टैक्स आन रजिस्ट्रे ान स्टेट गवर्नमैंट के अंडर नही है। इन्होने कहा है कि Tax on Maxi Cab has been increased. पहले जो टैक्स लिया जाता है तो वह 150 रुपये प्रति सीट के हिसाब से लिया जाता था, इसको हमने घटा कर 100 रुपये प्रति सीट कर दिया है। (इस समय मेजे थपथपाई गई।) (विघ्न) इस तरह से इन्होने कहा है कि नम्बर आफ टयूबवैल्ज घट गए है। अब पता नही ये आंकडे कहां से लाते है इन्होने 1998–99 मे 3 लाख 61 हजार 454 के आंकडे बताए है। 1999–2000 के 3 लाख 53 हजार 899 का फिगर बाताया है, अब ये कनैक ान बढकर 3 लाख 79 हजार 099 हो गए है। इसमे 26 हजार 800 की बढोतरी हुई हैं ये कहते है कि आंकडे घटे है। जबकि हमने टयूबवैल्ज के कनैक ान 36 हजार 858 बढाए है। डयूज की वजह से, डिस्कनैक ान की वजह से और अगर कही पर खारा पानी आता है तो कनैक ान कटवाया ही जाएगा। (विघ्न) हमने 36 हजार 858 कनैक ान दिए है। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः जय प्रका ा जी, आप अपनी सीट पर बैठ जाएं। (विघ्न)

चौधरी जय प्रका ाः * * * * *

श्री अध्यक्षः जय प्रका ा जी जो भी बोल रहे है वह कुछ भी रिकार्ड नही किया जाए। (विघ्न) जय प्रका ा जी, आप अपनी सीट पर बैठ जाएं।

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर सर, अब मै टी एण्ड डी लोसिज के बारे में कहना चाहता हूं। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः जय प्रका ा जी, आप इस तरीके से बीच में मत बोलें, मंत्री जी जवाब दे रहे है। (विघ्न) कादियान साहब, आप अपनी सीट पर बैठ जाए।

डा0 रघूबीर सिंह कादियानः * * * * * * * *

श्री अध्यक्षः कादियान जी, जो कुछ भी बोल रहे है वह कुछ भी रिकार्ड नही किया जाए।

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर सर, अब मै टी एंड टी लोसिज पर आ रहा हू। (विघ्न) टी एंड डी लोसिज पहले 17.8 था और नार्म्ज के हिसाब से लोसिज15.5 के होने चाहिए। स्पीकर सर, हरियाणा मे एक रैगुलेटरी कमी ान है। हमारी सरकार के आने से पहले जो लोसिज होते थे उस लोसिज को अनमीटर्ड सपलाई के खाते में खपा दिया जाता था। उस समय यह किया जाता था कि इतने प्रति ात खपत हुई है तो उतना ही प्रति ात फार्मर्ज पर डाल दिया जाता था। स्पीकर सर, फार्म्ज के जिम्मे सारे का सारा

पैसा डाल दिया जाता था। लेकिन सर, आज वह बात नही रही है। आज रैगुलेटरी कमी ान है, वह एक एक चीज को मानीटर करता है। स्पीकर सर, कुछ सदस्यो ने बोलते हुए यह कहा कि खपत 7 और 8 घंटो की है। मै इनको यह बताना चाहूगा कि रैगुलेटरी कमी ान उसको भी खपत नही मानता है। उसका कहना है कि अगर 4 और 5 घण्टो की एवरेज लेंगे तो उसको माना जाएगा। स्पीकर सर, 2001–02 मे 40.19 प्रति ात खपत मानी गई है। हुडडा जी, उसके बाद हमने इसको 3 प्रति ात घटाया है। 2002–3 मे यह खपत घटकर 32.27 प्रति ात रह गई थी। Nothing is hidden. हम कोई चीज छिपाते नही है और हर साल हम उसको घटाएंगे। हम ट्रांसमि ान सिस्टम को मजबूत करेंगे। इसके अलावा जो डिस्ट्रीब्यू ान सिस्टम है इसको भी ठीक करैंगे। जो नए सब–स्टे ाज बन रहे है, जितने भी ट्रांसफामज बदले जा रहे है। (विघ्न)

डा0 रघुबीर सिंह कादियानः ********

श्री अध्यक्षः ये जो भी बोल रहे है वह कुछ भी रिकार्ड नही किया जाए।

डा0 रघुबीर सिंह कादियानः ********

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर सर, मै सदन मे यह बताना चाहूंगा कि जब इनकी सरकार होती थी, उस वक्त ये एक नया पैसा भी खर्च नही करते थे। हमारी सरकार के वक्त मे लाईने

बादली जा रही है। ट्रांसमि ान सिस्टम मजबूत किए गए है और सब–स्टे ांज बनाते जा रहे है। स्पीकर सर, इसलिए वह स्वाभाविक है कि ये लोस नीचे आंएगे। इन्होने जो पंजाब के लोस 15 पति ात बताए है तो मै इनको यह बताना चाहूंगा कि वह 26 प्रति ात है। यह भी इसलिए है क्योंकि उनके पास ऐग्रीकलचर का खाता नही है। स्पीकर सर, जहां तक बिजली की प्राप्ति की बात है तो यह 561 लाख यूनिट की ऐवरेज है। (विघ्न) पहले जो ऐवरेज थी वह 367 लाख यूनिट की थी, अब इसमें 53 प्रति ात की इंक्रीज हुई हैं। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः रघुबीर सिंह जी, आप बीच मे बिना इजाजत के न बोलें।

डा0 रघुबीर सिंह कादियानः **********

श्री अध्यक्षः कादियान जी, जो भी बोल रहे है वह कुछ भी रिकार्ड न किया जाए। (विध्न) डाक्टर साहब, आप अपनी सीट पर बैठे।(विघ्न)

डा0 रघुबीर सिंह कादियानः **********

श्री अध्यक्षः कादियान जी, be cultured. इस तरह का व्यवहार न करे। इनकी कोई भी बात रिकार्ड न की जाए।

प्रो0 सम्पत सिंहः इसी तरह से स्पीकर साहब, यहां पर एच एफ सी का जिक्र किया गया है। (विघ्न)

श्री भुपेन्द्र सिंह हुडडाः अध्यक्ष महोदय, मैने पंजाब के लाईन लोसिज 17 परसैंट बताएं है जबकि ये 15 परसैंट बता रहे है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः ये पढ नही रहे है बल्कि बोल रहे है। इसलिए जय प्रका ा जी आप बैठें।

प्रो0 सम्पत सिंहः हम मेहनत करते है इनकी तरह से नही है। स्पीकर सर, इसी तरह से इन्होने फाईनें ि ायल कारपोरे ान का जिक किया। (विघ्न) इन्होने कहा है कि फाईनें ि ायल कारर्पोरे ान ने सिर्फ 19.4 करोड रुपए ही लोन दिया है। स्पीकर साहब, आपको मालूम है कि जब से लिब्रलाइजे ान की पालिसी आई है। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः आप बैठिए। आप विदआउट परमि ान नही बोल सकते। हुडडा साहब, आप इन्हे बैठाइये।

श्री भुपेन्द्र सिह हुडडाः स्पीकर साहब, आप उन्हे अपनी बात कहने ही नही दे रहे है। (शोर एवं व्यवधान)

कैप्टन अजय सिंह यादवः स्पीकर सर, **********

श्री अध्यक्षः कैप्टन साहब, आप बैठें सबका जवाब आ रहा है। इनकी कोई बात रिकार्ड न करे। (शोर एवं व्यवधान)

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर सर, हुडडा साहब ने एक भाब्द एस वाई एल के बारे में कहा था। मै इस बारे मै पहले बता

देना चाहता हू क्योंकि बाद मे कही ये वाक आउट न कर जाए। इन्होने कहा था कि एस वाई एल पर एक पैसे का बजट हमने नही रखा। हुडडा साहब, आपने केवल न्यू एक्सपैंडिचर 2004–2005 ही पढा है आप सिर्फ बजट एक ए गलांस के चार पेज पढकर ही पार हो जाते हो। अगर आपने न्यू एक्सपैंडीचर 2004–2005 पढा हो तो बताए। मै आपको इसका पेज नंबर बता देता हू। आप इसका पेज नें 362 पढ लें और इसका 110 का सब हेड भी पढ लें। यह है– ''सतलुज यमुना लिंक प्रोजैक्ट कंस्ट्रक ान वर्क्स'' पिछले 6–7 सालो से एक करोड रुपये का ने ानल हर सरकार रखती आयी है चाहे वह आपकी सरकार थी चाहे उससे पहले की सरकार थी। (शोर एवं व्यवधान) इनका यह कहना कि एस वाई एल पर एक पैसा भी नही रखा, ठीक नही है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः आप सभी बैठे। आप सुनिए ये पिछला बता रहे है। वह रख रखाव के लिए होता है।

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर सर, वह नो ानल मनी है। अब ये अपनी बात की झेंप नही मिटा सकते। इसका मतलब ये स्टडी करके नही आते क्योंकि इन्होने कहा है कि एस वाई एल पर एक पैसा नही रखा है। लेकिन एक करोड रुपया नो ानल रखा है। हाउस के सामने मै खुले दिल से कहना चाहता ं कि जब इस बारे मे सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ जाएगा और वह कह देगा कि फलाना एजेंसी इसको बनाएगी तो हम इसके लिए पैसा देंगे। स्पीकर सर, पहले तो पैसा खुद ही लगाना पडता है बाद मे उका

रिठम्बर्समैंट भारत सरकार करती है। इसलिए पहले पैसा खर्च करने की बात है। एस वाई एल के लिए चाहे हमें ऐस्टीमेट के अंदर कितना ही सप्लीमैंट्र ऐस्टीमैटस पास करना पडे, हम करेंगे। चाहे इसके लिए हमें कितना ही खर्चा कम करना पडे, हम करेंगे। बकायदा हम एस वाई एल पर पैसे की कोई कमी नही आने देंगे। That is a notional money और नो ानल मीन आज नही बल्कि हर साल रखी जाती है। इन्होने कहा कि एक पैसा नही रखा है। (शोर)

कैप्टन अजय सिंह यादवः स्पीकर सर, ये मजबूरी मे कह रहे है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः हुडडा साहब, आप इस जोडी को बैठाइये। इनको पानी की क्या चिंता है? (शोर एवं व्यवधान) यह मांगे राम जी की तरह वित मंत्री है। मांगे राम जी पानी थोडे ही मांगेगे। (विघ्न)

श्री बलबीर सिंहः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। *****

श्री अध्यक्षः इनकी यह बात रिकार्ड न की जाए। (शोर एवं व्यवधान) जय प्रका ा जी, आप बैठिए। (विघ्न)बलबीर सिंह, आप बैठिए। जय प्रका ा जी, आप बैठ जाएं।

प्रो0 सम्पत सिंहः सच्चाई हमे ाा कडवी होती है इसमे केाई दो राय नही है। (शोर एवं व्यवधान) अभी लीडर आफ दि

अपोजी ान ने फारेन डायरैक्ट इन्वैस्टमैंट का जिक्र किया कि कोई एक नया पैसा नही आया है। ये सैन्ट्रल मिनिस्टर का ब्यान 22.8.03 का है कि फारेन इन्वैस्टमैंट निल आया है। उस वक्त हमारे मैंबर जाकर के उनको मिले और कहा कि ये कैसे कह रहे है तब उन्होने कहा कि इनके रजिस्ट्रे ान के आफिसेस दिल्ली में है इसलिए हम कह रहे है। तो हमने कहा कि नही यह काई क्राइटेरिया नही है। हरियाणा गवर्नमैंट ने चिटठी लिखी है और उस चिटठी का जवाब न देना इसका मतलब क्या है कि खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचें। एक चिटठी लिखी है और उसका भी जवाब देने में मु कल हो गई। जुलाई 1999–2000 में फारेन इन्वैस्टमैंट 474 करोड रहा है, 2000–2001 मे 347 करोड, 2001–2002 मे 400 करोड, 2002–03 में 1399 करोड, मैसर्ज एफिन इंडिया 24 करोड, वाल्को इलैक्टिकल्स 29 करोड, एफएन इंडिया 1 करोड 16 लाख, ऐस्कोर्टस 14 करोड 26 लाख, मैसर्ज जी कैपिटल पहले साल 75 करोड, दूसरे साल 115 करोड, मैसर्ज होंडा स्कूटर्स पहले साल 115 करोड और दूसरे साल 85 करोड और तीसरे साल 100 करोड, डैंसो हरियाणा 204 करोड इसी तरह से अल्काटेल 37 करोड।

श्री भुपेंन्द्र सिह हुडडाः सम्पत सिंह जी, हमें आपका ध्यान रखना पडता है आपको वैसे भी बहुत पसीना आ रहा है अब आप और आंकडे न बताएं।

प्रो0 सम्पत सिंहः आप संतुश्ट है न। आगे इन्होने कह दिया कि इण्डस्ट्रीज का नम्बर घट रहा है। (शोर एवं व्यवधान) जहां तक उद्योग लगाने की बात है पिछले साल 198 नये बडे उद्योग और 4500 लघु उद्योग स्थापित हुए है। यह कहते है कि टोटल नम्बर सैंसिज धट रहा है। स्पीकर सर, ऐसा वक्त भी था जब केवल मात्र सबसिडी लेने के लिए, केवल मात्र एच एफ सी को अपनी जेबी संस्थान बनाने के लिए लोन लिए जाते थे और लेकर पार हो जाते थे। आज रोजाना हमें उनके नोटिस मिल रहे है, यह काम कर गई पहले की सरकारे और भुगत हम रहे है। और उस समय की इण्डस्ट्री की रोजाना आक ान हो रही है जो पहले की सरकारो के समय इण्डस्ट्री लगी थी वे एक दिन भी नही चली उन इण्डस्ट्रीज का पैसा खा गई पहले की सरकारे और आज वे संख्या की बात कर रहे है। जो इण्डस्ट्री इस सरकार के समय मे लगी है उनमे से एक भी इण्डस्ट्री बन्द नही हुई है और आज पानीपत मे पैट्रो कैमिकल्ज की इण्डस्ट्री स्थापित हो रही है जिससे दस हजार रुपये का एक्सपोर्ट हो रहा है ये सारी एचीवमैंट वर्तमान सरकार के प्रयास से हुई है। (विध्न) स्पीकर सर, कई माननीय सदस्यो ने कृशि बीाम योजना के बारे मे कहा कि बाजरे, ज्वार, चने और सरसो पर तो यह योजना लागू कर दी लेकिन गेहूं, धान और गन्ने पर इस योजना को लागू नही किया। स्पीकर सर, आप किसान है ओर आप इफको के चेयरमैन भी रहे है। इसलिए आपको इन सब बातो का ज्ञान है। मै माननीय सदस्यो को बतनाना चाहता हूं और ये इस भार्त पर मानने के लिए तैयार है

सरसो पर तो बीमा रखा है इसमे एक तो ब्लाक एज ए युनिट होना चाहिए। ब्लाक एज ए युनिट होकर जो नुकसान होगा, उसमे पहली पांच साल की प्रोडक ान की ऐवरेज ली जाएगी। मान लो कि 16 क्विंटल प्रति एकड आपकी पैडी की पैदावार हुई है और एक लाख एकड आपके पास जमीन है तो इस प्रकार 16 लाख टन क्विंटल पैदावार हो गई तो ठीक है अगर नही हुई तो उसको नुकसान मानेंगे। अगर उसमे से एक, दो, तीन, चार हजार एकड जमीन की फसल खराब हो गई तो एवरेज मे अगर आपकी फसल अच्छी हुई है तो और एवरेज ज्याद आ गई तो एक भी पैसा नही मिलेगा क्योंकि ब्लाक पूरी एवरेज के हिसाब से बनाया गया था। इसलिए सरकार ने हाई रिस्क की फसलो को इसमे लिया है। सरसो जो है वह एक मिनट के अंदर साफ हो जाती है एक सेकेण्ड के अंदर साफ हो जाती है। इसी तरह कपास में अगर सुंडी लग जाए तो वह खत्म हो जाती है। ये लो रिस्क की है। पिछले सालो के आंकडे चाहे आप गेहूं के ले ले, चाहे पैडी के ले ले और चाहे गन्ने के ले ेल इतना हाई रिस्क प्रीमियम आपको देना पडे इस कारण से इन फसलो को नही लिया वरना सरकार को इस मे कोई गुरेज नही था। आज इनको क्यों तकलीफ हो रही है। अगर किसी चीज का नाम चौधरी देवी लाल के नाम पर रख दिया जैसे देवी रुपक योजना ओर देवी रक्षक योजना है, क्या बुरा कर दिया सरकार ने देवी रुपक योजना लागू करके। अगर किसी कमेरे वर्ग का आदमी मर जाता है तो उस परिवार को सरकार की तरफ से एक लाख रुपये दिये जाते है जबकि बीमा

कंपनी को सरकार थोडा सा प्रीमियम देती है लेकिन बीमा कंपनी को उस परिवार को एक लाख रुपये देने पडेंगे। इसमे बुराई क्या है। बीमा कंपनी तो आज पछता रही है कि सरकार इतना कम प्रीमियम देती है लेकिन बीमा कंपनी को ज्यादा पैसे देने पडते है। ये यह नही कहते कि ऐसी स्कीम को तो ऐडोप्ट करना चाहिए जो कि जनता के वैल्फेयर की है। ऐसी स्कीमे तो सरकार के लिए रखी है जिनमे प्रीमियम ज्यादा देना पडे। जो लोग कम जोत के है और जो फार्मरज है उनको 50 प्रति ात का प्रीमियम सरकार देती है। (विघ्न) स्पीकर सर, 1985 मे यह एक तिहाई और दो तिहाई है ये स्कीमे पुरानी है इनको थोडा बढाया है इनके स्काप को भी बढाया है। इसमें एनीमल हस्बैंड्री, हार्टीकल्चर, हाउसिंग को भी भाामिल किया गया है। लोगो के जो लोसिज है, जो मार्जिनल फार्मर्ज है, जो कमजोर है उनको 50 प्रति ात मे से आधा सैंटर और आधा स्टेट बीयर करेगा ओर 50 प्रति ात उस फार्मर को खुद देना पडेगा। अब स्पीकर सर, जिस फसल के अंदर तपो नही है उन पर किसान प्रीमियम नही दे सकता। हमने तो उल्टा इन फसलो को अलग करवाया है पहले सब फसलो को भाामिल कर रखा था आप कोई फसल टाल नही सकते थे। यह केडिट जाता है हरियाणा सरकार को। मुख्यमंत्री जी बार बार मिले, कृशि मंत्री जी बार बार मिले और इन फसलो को अलग करवाया। हमने कहा कि इन तीन फसलो का हम बीमा नही करवाना चाहते और हमं खु ाी है कि हमारी बात मानी गई। यह हरियाणा सरकार की अचीवमैंट है। स्पीकर सर, इन्होने विविधीकरण का जिक किया कि

हम पहले नही बोले, आज बोल रहे है। इस बारे में मै इनको बताना चाहूंगा कि 19 मई, 2001 को मुख्यमंत्री का सम्मेलन दिल्ली मे हुआ था। उस सम्मेलन मे हमारे मुख्यमंत्री जी ने जो भाब्द कहे उसकी क लाईन मै यहां कोट करना चाहूंगा ज्यादा करुंगा तो चौधरी भजन लाल जी बैठे नही है वरना कह देते पढना भाुरु कर दिया। मुख्य मंत्री जी ने सम्मेलन मे कहा कि कृशि मे विविधीकरण केवल नारो और सुझावो से नही लाया जा सकता इसके लिए ढांचागत व संस्थागत प्रबंध करने होंगे। यानि 2001 मे आज से तीन साल पहले हमने यह मुददा उठा दिया था। उसके बाद 3.1. 2003 आज से एक साल पहले हमने 1920 करोड रुपये की स्कीम भारत सरकार को प्रस्तुत की थी और ये कह रहे थे कि गठबंधन टूटने के बाद हम ऐसी बात कर रहे है। बाद मे संबंधित अधिकारियो से विचार विम र्ा करके 1960 करोड किया जा कि 16 जुन, 2003 को भेज दी थी। मै इनको कहना चाहूंगा कि यह बात कोई आज की नही है। स्पीकर सर, मुझे बडा अफसोस होता है मैने जवाब तो उसी समय दे दिया था वैसे कोई साथी खेल नीति के बारे मे बोला भी नही। हमारी खेल नीति से बढिया और कोई खेल नीति नही हैं। आज हिन्दुस्तान के अंदर कोई भी रिजनल सैंटर स्पोर्टस का नार्थ जान मे नही था लेकिन अब आपके यहां सोनीपत मे नार्थ जॉन का रिजनल सैंटर बन रहा है यह अचीवमैंट हमारी सरकार की है। हमारे यहां कि लडकियां कामप वैल्थ में, एि ाया मे गोल्ड मैंडल लेकर आती है और किसी सरकार ने ध्यान नही दिया कि घास पर हाकी वे खेलती थी। स्पीकर सर,

आप तो खिलाडी रहे है आपको मालूम है कि हाकी के ने ानल और इंटरने ानल गेम्ज एस्टोटर्फ पर होते हे, घास पर नही खेला जा सकता। पहला एस्ट्रोटर्फ गुडगांव में हमारी सरकार बनवा चुकी है और दूसरा एस्ट्रोटर्फ भााहबाद मे कम्पलीट होने जा रहा है। ये हमारी सरकार की अचीवमैंट है। स्पीकर सर, सैंट्रल मिनिस्ट्री से युनिवर्सिटी भी मंजूर करवाई है। मै उनको बताना चाहूंगा कि मुख्यमंत्री जी ने तो घोशणा की है लेकिन बनानी तो भारत सरकार ने है। इसके लिए उनको सरकार की सराहना करनी चाहिए, वैलकम करना चाहिए। भारत सरकार के साथ हम मैटर को टेकअप कर रहे है और हमें उम्मीद है कि वे जल्दी ही हमारी बात को मानेंगे और युनिवर्सिटी हरियाणा मे बनेगी। यह यूनिवर्सिटी अपने आप मे पहली यूनिवर्सिटी होगी। स्पीकर सर, जब से हरियाणा बना है और हमारी सरकार आई है उससे पहले 50 लाख से उपर खिलाडियो को टोटल ईनाम नही दिया गया जबकि हमारी सरकार ने चार साल मे 5 करोड रुपये नकद ईनाम खिलाडियो को दिए है। हमारी खेल एसोसिए ान की तरफ से बकायदा खेलोके लिए कलैंडर छपता है जैसे सरकारी कलैंडर छपता है। मै चौधरी अभय सिंह चौटाला जी को बधाई देता हूं कि इन्होने इसमे बहुत बडा योगदान दिया है। इनके कलैंडर मे होता है कि कब रुरल गेम्ज होंगे, कब पंचायत गेम्ज होंगे, कब जिला स्तर के गेम्ज होंगे, कब युनिवर्सिटीज और इंटर युनिवर्सिटीज के गेम्ज होंगे, कब स्टेट चैंपियनि ाप होगी, कब नै ानल और इंटरनै ानल गेम्ज होंगे। इस कलैंडर के माध्यम से सभी खिलाडियो को पता

चल जाता है। खेल नीति मे यह भी लिखा जाता है कि फलां मैडल जीतने पर एक करोड रुपया मिलेगा, फलां मैडल जितने पर 50 लाख रुपया मिलेगा। इस नीति मे अब दो तीन खेलो को ओर सम्मिलित किया गया है। Women festival और वैटर्न को पहले छोड दिया गया था अब इसे जोडा गया है। इसके अतिरिक्त हैंडीकैप खिलाडियो की तरफ पहले कोई ध्यान नही दिया गया था अब उनको भी इसमे भाामिल किया गया है। स्पीकर सर, अब हर जगह स्टेडियम बनाये जा रहे है और हर जगह खेल और खिलाडी नजर आ रहे है। इस बात के लिए इनको सरकार की सराहना करनी चाहिए। स्पीकर सर, चौधरी भजन लाल जी चले गये अब किसको बताउ फुड ग्रेनज के बारे मे कि हमारे समय मे कितनी फुड ग्रेन पैदा हुई है। 1994 से 1996 भाुरु तक चौधरी भजन लाल जी मुख्यमंत्री थे उस समय 1994–95 मे 109.73 लाख टन, 1995–96 मे 101.78 लाख टन, 1996–97 मे 114 लाख टन, और उसके बाद चौधरी बसी लाल जी की सरकार आई और 1997–98 मे 113 लाख टन, 1998–99 मे 121 लाख टन और हमारी सरकार आने के बाद 1999–2000 मे 130.65 लाख टन, 2000–01 मे 132. 29 लाख टन, 2001–02 मे जो कि भयंकर सूखा पडा था उससमय 123 लाख टन फुड ग्रेन पैदा हुई। हमारे से पहले सबसे ज्यादा फुड ग्रेन चौधरी बंसी लाल जी की सरकार के समय में 121 लाख टन पैदा हुई थी। हमने सूखे के समय किसानो को पूरा पानी देकर, पूरी बिजली देकर अच्छी फसल करवाई थी। वर्श 2003–04 मे जो एस्टिमेट है वह 137.16 लाख टन है। राव साहब ने यहां

पर इक्वल डिस्ट्रीब्यू ान आफ वाटर की बात कही कि क्या यहां पर इक्वल डिस्ट्रीब्यू ान पानी का है। कौन पानी का इक्वल डिस्ट्रीबयू ान नही चाहता सब चाहते है। सबसे ज्यादा अगर साउथ हरियाणा के हामी थे तो वे चौधरी देवी लाल जी थे। ओथ लेते ही सबसे पहले गए नारनौल। 26 जनवरी का प्रोग्राम हो या 15 अगस्त का प्रोग्राम हो, हमे ाा कहते थे कि मेरा प्रोग्राम बनओ मै वहां जाउंगा। अगर चौधरी देवी लाल जी को सबसे ज्यादा प्यार था तो वह नारनौल और महेन्द्रग के एरिया से था। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः आप सभी बैठिये।

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, हम तो यही कर सकते है कि पूरा पानी के बारे मे जितना अवेलेबल है, वह सभी को बराबर मिले। स्पीकर सर, नरवाना ब्रांच के साथ एस वाई एल का चैनल पैरलल बनाने की बात है, वह तभी होगी जब एस वाई एल का पानी आयेगा। इससे पहले जो पानी ले करके हम आ रहे है वह पानी बाद मे यमुना सिस्टम मे एन बी के लिंक के थ्रू डालते है और एन बी के लिंक सिस्टम है और दूसरा बुडेडा काम्पलैक्स है। वहां से भी एस वाई एल चैनल मे पानी जाना है। अगर वो पानी आपका आ जाता है तो रावी ब्यास का सरप्लस वाटर और एस वाई एल का आ जाता है ाते यह बुढेडा से आगे एक जगह यह दोनो इकटठी हो जायेगी। इसके बाद एस वाई एल चैनल का पानी चला जायेगा। इधर एन बी के लिंक ब्रांच मे पानी चला जायेगा। अब वह पानी है नी। वह न होने की वजह से सिस्टम न

होने की वज से एन बी के का जो सिस्टम है उसमें वह नही आ रहा। पीछे जो पानी नरवाना ब्रांच मे ले करके आ रहे है, नरवाना ब्रच वाला जो सिस्टम है उस सिस्टम के हिसाब से आपकी एन बी के के अंदर कैपिसिटी 3700 क्यूसिक से ज्याद की नही होती। हम 3700 क्यूसिक पानी आज भी दे रहे है। जितना पानी सिस्टम के अंदर अवेलेबल है, वह हम दे रहे है। और इसी तरीके से इन्होने या किसी और सदस्य ने जिक्र कर दिया कि स्कूलो की बिल्डिंगो की देख रेख के लिए कोई पैसा बजट मे नही रखा गया। इसके बारे मे मै। बताता हूं कि जब चौधरी भजन लाल जी की सरकार जुलाई 1991–1996 तक थी यानि जब ये चीफ मिनिस्टर थे तब कितना खर्च हुआ। उस अवधि मे इस काम के लिए केवल 18 करोड रुपये खर्च हुए। जब ंबंसी लाल जी मुख्यमंत्री थे तो इनके समय मे स्कूलो की बिलिडंगो और कमरो की रिपेयर आदि पर केवल 11 करोड रुपये खर्च हुए जबकि आपकी सरकार अब तक इस काम पर 72.30 करोड रुपये खर्च कर चुकी है। मै सदन की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि दो दो बार नही बल्कि 6–6 व 7–7 बार इस काम पर पैसा खर्च किया गया है। सर्व ि ाक्षा अभियान और डी पी पी वगैरह अलग है। ये पैसा भी आपके तब मिलता है जब हम अपना भोयर देते है। कई स्टेटस ऐसी होती है जो अपना भोयर नही दे पाती है वह पैसा भी हम लेते है जैसे पुलिस मार्डनाइजे ान मे हमने लिया जबकि कई स्टेटस नही ले पायी। इस पैसे को लेने के लिए स्टेट सरकार को कंट्रीब्यू ान करना पडता है। स्पीकर साहब केवल 25 परसैंट ग्रांट है और 25

परसैंट लोन जबकि 50 परसैंट पैसा आपको अपना देना पडता है तब जाकर ऐसा पैसा मिलता है। आपके पास धेला देने का न हो, लोन देने की हिम्मत न हो तो 25 परसैंट आप दे लो। मेरे कहने का मतलब यह है कि जो स्टेट ऐसा भोयर नही ले पाती वह भोयर भी हमने लिया है। स्पीकर सर, ऐसी बात नही है कि कोई बात बच गई हो जिसका हमने कोई जवाब न मे दिया हो। मै एक बात और सदन के सामने कहना चाहूंगा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने चौधरी देवी लाल जी का रास्ता अपनाया हुआ है। चौधरी देवी लाल जी हमे ाा यही कहा करते थे कि लोक राज लोक लाज से चलता है। इस बात को किसी सदस्य ने नही उठाया। केवल माननीय सदस्य श्री बिसला जी ने यह बात उठायी थी क्योंकि ये भी उनके सही अनुयायी रहे है। बिसला जी ने पूरी स्पोर्ट की है और 1977 मे भी पूरी स्पोर्ट की थी। यहां पर बोलते हुए इन्होने प्रोफै ानल टैक्स का ज़ि किया था। इस प्रोफै ानल टैक्स के बारे मे मेरी मुख्यमंत्री जी से बात हुई थी। मुझे यह बात बताते हुए खु ाी हो रही है कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने मुझे कहा है कि आज ही घोशणा करो और मै मुख्यमंत्री जी की तरफ से घोशणा करता हूं कि हम प्रोफै ानल टैक्स वापिस लेते है। (तालियां) आप इसके लिए तो तालियां बजा दो। अध्यक्ष महोदय, इसलिए मै आपके माध्यम से सदन से निवेदन करता हूं कि सभी साथी पूरानी बातो को छोड कर और दलगत राजनीति से उपर उठकर जो संतलित बजट मैने पे ा किया है, जो चहुमुखी विकास का बजट आया है उसको सारे ध्वनिमत से पास करें, धन्यवाद।

15:00 बजे

श्री अध्यक्षः अनिल विज जी, भाायद आप कुछ कहना चाहते है, यदि आप कुछ कहना चाहते है तो कहे।

श्री अनिल विजः अध्यक्ष महोदय, माननीय वित मंत्री जी ने प्रोफै ान टैक्स हटाने के बारे मे जो बात रखी है मै उसके बारे मे कुछ कहना चाहता हू।माननीय मुख्य मंत्री जी तथा वित मंत्री जी ने लोगो की भावनाओ का सम्मान करते हुए इस टैक्स को हटाया है। अध्यक्ष महोदय, सरकार ने हमे ाा लोकहित की बात को माना है। पहले भी कई बार जब गवर्नमैंट ने ऐसा कोई निर्णय लिया और हमने बताया कि यह निर्णय लोगो के हित में नही है तो सरकार ने सहर्श हमारे सुझाव को माना है और ऐसे निर्णय को विदड्रा किया। अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार से सरकार ने प्रोफै ानल टैक्स को वापिसलिया है इसके लिए मै अपनी तरफ से, तमाम सदस्यो की तरफ से तथा हरियाणा की जनता की तरफ से सरकार तथा माननीय मुख्यमंत्री महोदय का आभार प्रकट करना चाहता हूं तथा यह कहना चाहता हूं कि प्रोफै ानल टैक्स से लोगो को काफी कटिनाईयो आती थी, गरीब लोगो की काफी दिक्कत आती थी। आदरणीय मुख्यमंत्री महोदय को गरीबो का मसीहा कहा ही जाता है, तो लोगो की भावनाओ की कद्र करते हुए सरकार ने इस टैक्स को माफ किया है इसके लिए मै एक बार फिर उनका धन्यवाद करता हू। (विघ्न)

डा0 रधुबीर सिंह कादियानः अध्यक्ष महोदय, आप मेरी बात सुनिए। (विघ्न) आप हमारे साथ भेदभाव कर रहे है।

श्री अध्यक्षः कादियान साहब, कोई भेदभाव नही है, सदन के नेता खडे है इसलिए अभी आप बैठें। (शोर)

डा0 रधुबीर सिंह कादियानः अध्यक्ष महोदय, **********

श्री अध्यक्षः कादियान साहब, आप बैठे। कादियान साहब जो बोल रहे है वह रिकार्ड न किया जाये।

